अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 3 अप्रैल 2023
चैत्र शुक्ल द्वादशी/त्रयोदशी
विक्रम संवत-2080

Page No. 02 : Middle

खेल

क्रिकेट : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता एसआरएमएस स्टेडियम में सुबह 9 बजे।

Page No. 05 : Middle

आईके और याडर्स ने जीते मुकाबले

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को चौथे दिन आईके कलेक्शंस-अल्मा मातेर और 22 याडर्स- ओएसिस टाउन क्लब के बीच मुकाबले हुए। आईके कलेक्शंस ने अल्मा मातेर को 107 और 22 याडर्स ने ओएसिस टाउन क्लब को छह विकेट से हरा दिया।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्री राममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को पहला मैच आईके कलेक्शंस और अल्मा मातेर के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए आईके कलेक्शंस ने तीन विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। जवाब में उतरी आईके कलेक्शंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 195 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्मा मातेर 88 रन पर पवेलियन लौट गई। 52 गेंदों पर 75 रन की पारी खेलने और एक विकेट लेने वाले आईके कलेक्शंस के आकाश को मैन आफ द मैच चुना गया।

एसआरएमएस मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता में शॉट लगाता खिलाड़ी। संवाद

दूसरा मैच 22 याडर्स-ओएसिस टाउन क्लब के बीच हुआ। ओएसिस ने पहले खेलते हुए आठ विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाए। जवाब में उतरी 22 याडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 22 याडर्स ने छह विकेट से मैच जीत लिया। एकतरफा मैच जिताने वाले रिजवान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सोमवार को एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी के बीच मुकाबला होगा।